**E-Auction Sale Notice**

**E-Auction Sale Notice under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016**

**SAGAR AUTOTECH PRIVATE LIMITED (In Liquidation)**

**CIN: U50500MP2009PTC022313**

**Regd Office (As per MCA records): 189, Maida Mill Road, Jinsi Square Na, Bhopal, Madhya Pradesh-462008**

**Liquidator 's Office: 1007, Sun Avenue One, Nr. Shreyas Foundation, Manekbaug Society, Ambawadi, Ahmedabad, Gujarat-380015**

**Email ID: cirp.sagarauto@gmail.com**

Sale of Assets of Sagar Autotech Private Limited forming part of liquidation estate is being conducted by Liquidator appointed by Hon'ble NCLT, Indore Bench vide order dated 21.04.2023 in IA/105(MP)2023 in (MP) CP(IB) 42 of 2020. The sale of the assets will be done by the liquidator through the e-auction platform https://eauctions.co.in.

---

| | |
|---|---|
| **Date and Time of E-Auction** | **29th December, 2023**<br>**Time: 12:00 P.M. to 02:00 P.M.** |
| **Last date for submissions of Eligibility Documents** | **16th December, 2023** |
| **Inspection date & time** | **17th December, 2023 to 24th December, 2023 with prior intimation to Liquidator** |
| **Last date for EMD** | **27th December, 2023** |

| Lot No. | Brief Description of Assets | Reserve Price (Rs.) | EMD Amount (Rs.) | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Block: A Inventories (Cars of BS-IV models parked at the premise of the Corporate Debtor without engine in there, without any documents capable of being registered with RTO ) | Rs. 82,500 | Rs. 8,250 | Rs. 2,000 |
| 2 | Block: B Outstanding amount receivables from Scoda Auto India Private Limited | Rs. 6,76,396 | Rs. 67,640 | Rs. 5,000 |
| | TOTAL | Rs. 7,58,896 | Rs. 75,890 | Rs.7,000 |

Terms & Condition of the sale is as under:

1. E- Auction will be conducted on *"AS IS WHERE IS, WHATEVER THERE IS AND WITHOUT RECOURSE BASIS"* through service provider, M/s Linkstar Infosys Private Limited on E-Auction platform*:* www.eauctions.co.in.
2. The documents and EMD shall be submitted to Liquidator through email and hard copy in the format prescribed in the Auction Document on or before 27th December, 2023. The bid form along with detailed terms and conditions of complete E-Auction Process can be downloaded from the website www.eauctions.co.in.
3. It is clarified that this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligation on the part of the Liquidator or the Company to effectuate the sale. The Liquidator reserves the right to cancel or modify the process or not to accept and/ or disqualify any interested party/ potential investor/ bidder without assigning any reason and without any liability.

**For, Sagar Autotech Private Limited**

**SD/-**

---

**Keyur J. Shah,**
**Liquidator**
**Sagar Autotech Private Limited**
**IBBI Reg No.: IBBI/IPA-002/IP-N00244/2017-18/10729**
**AFA Number: AA2/10729/02/151024/202906**
**AFA valid upto 15/10/2024**

**Date: 01st December, 2023**
**Place: Ahmedabad**

# ई-ऑफिस शुरू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बनेगा MU

## कुलपति प्रो. खंडेलवाल का नवाचार, अब आदेश के साथ ही नोटशीट भी चलेगी कम्प्यूटर पर

हर्षित चौरसिया ● जबलपुर
मो.नं. 9713230229




पीपुल्स समाचार एक्सक्लूसिव

मध्य प्रदेश की पहली गवर्मेंट मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ई-ऑफिस शुरू करने जा रहा है। इस नवाचार के शुरू होने के साथ ही एमयू संभवतः प्रदेश का ऐसा पहला विवि होगा, जिसमें फाइलिंग का काम भी डिजीटलाइज होगा। विवि के कुलपति प्रो. डॉ. अशोक खंडेलवाल की पहल को साकार करने के लिए एक निजी कम्पनी अपनी सेवाएं देगी।

**डिजीटल सिग्नेचर व स्टैंप से लगेगी आदेशों पर मोहर :** विवि के रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल ने बताया कि जल्द ही ई-ऑफिस वर्किंग पर काम करेगा, जिसमें कागजी काम पूरी तरह से डिजीटल हो जाएगा। इसमें फाइल, नोटशीट कम्प्यूटर पर तैयार होंगी और वहीं से आगे अधिकारी के पास जाएंगी। इसमें आदेश पर मोहर लगाने के लिए डिजीटल सिग्नेचर के साथ डिजीटल स्टेम्प भी होगी।


डॉ. पुष्पराज सिंह

**दी जाएगी ट्रेनिंग :** इसके लिए निजी कम्पनी विवि के अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग सेशन में ट्रेनिंग देगी। अभी छात्रों के लिए 9 सुविधाओं को ऑनलाइन किया गया है।

**निजी कम्पनी के साथ विवि ने की पूरा खाका तैयार :** विवि प्रशासन ने इसको अमलीजामा पहनाने के लिए बैठकें शुरू कर दी है। पहली बैठक कम्पनी के अधिकारियों के साथ हो चुकी है।

**पुराने डायक्यूमेंट भी किए जाएंगे स्केन:** ई-ऑफिस के शुरू होने के साथ ही विवि अपनी पुराने नोटशीट फाइलों को स्केनिंग करने का काम भी कराएगा। ताकि नए आदेश जो कि डिजीटल उनमें पुरानी नोटशीट भी अधिकारी को मिल सके।

### पारदर्शिता से काम करने को मिलेगा बढ़ावा



हमारी पहली प्राथमिकता है कि विवि में सारा काम पारदर्शिता के साथ किया जाए। इसके लिए पहले छात्रों को दी जाने वाली सेवाओं को फेसलेस वर्किंग के साथ शुरू किया है और अब विवि के कार्यालयीन काम को डिजीटल करने के लिए ई-ऑफिस शुरू किया जाना है इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

-प्रो. डॉ. अशोक खंडेलवाल, कुलपति एमयू जबलपुर

## न्यूज ब्रीफ

### एक दर्जन होमगार्ड सैनिकों को हाईकोर्ट से राहत

जबलपुर। हाईकोर्ट से एक दर्जन से अधिक होमगार्ड सैनिकों को राहत मिली है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही पूर्व से लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने क निर्देश दिये है। अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी। यह मामले दमोह के तुलसीराम तिवारी सहित 12 अन्य होमगार्ड सैनिकों की ओर से दायर किया गया था। जिसमें दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 तक का कॉल ऑफ देने को चैलेंज किया गया है।

### निमोनिया केस की सूचना तत्काल दें अस्पताल

इंदौर। चीन में बच्चों में फैल रही रहस्यमय बीमारी को लेकर देश में भी अलर्ट जारी हो गया है। सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बच्चों के निमोनिया के मामलों का तत्काल पता लगाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक प्रियंका दास ने सभी कलेक्टर एवं सीएमएचओ को निर्देश दिए हैं कि कहीं भी एचएन2 के मामले की पुष्टि नहीं हुई है। संदिग्ध मरीजों को लेकर भी कोई सूचना नहीं है। स्थिति घबराने जैसी नहीं है, लेकिन एहतियात के लिए जिला स्तर पर नजदीक से निगरानी की जरूरत है। इसमें स्टाफ, बिस्तर, जांच एवं परीक्षण, दवा आदि की उपलब्धता देखना है।

### इंदौर और ग्वालियर में व्यवस्थाओं में सुधार

# जबलपुर, भोपाल के आधे रैन बसेरे हो चुके हैं बंद

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 7000277102

शहरों में सर्दी, बरसात में गरीबों के लिए सिर छिपाने के लिए जनता के पैसों से बनने वाले रैन बसेरे अब भगवान भरोसे दिख रहे हैं। प्रदेश के चार महानगरों की बात करें तो सबसे बुरे हालात जबलपुर और भोपाल में हैं। जबलपुर में 13 में से 7 और भोपाल में 18 में से 10 बंद हैं। वहीं सबसे अच्छे हालात इंदौर में हैं इसके बाद ग्वालियर में भी सुधार देखने को मिल रहा है।

**बजट का रोना रो रहे :** पिछले कुल सालों में जबलपुर नगर निगम 6 रैनबसेरे बंद कर चुका है, जिसके बाद अब केवल 7 रैनबसेरा ही संचालित किए जा रहे हैं। इनके लिए भी बजट की समस्या बनी रहती है। यही वजह है कि सर्दियों को छोड़ दिया जाए तो बाकी समय ये रैनबसेरे वीरान नजर आते हैं। इन रैनबसेरों में रुकने वालों को सिर्फ सर्दियों में ही भोजन मिल पाता है। भोपाल रैनबसेरों के इन्चार्ज शिवकुमार के अनुसार बजट की कमी है।

**जबलपुर में ये हुए बंद :** जबलपुर में नगर निगम ने पिछले 5 सालों में बिना पूर्व सूचित किए जिन रैनबसेरों का संचालन बंद किया है उनमें अधारताल, पुराना बसस्टैंड, अंबेडकर चौक, तिलहरी और मेडिकल अस्पताल के पास का रैनबसेरा बंद किया गया है। इन्हें बंद क्यों किया गया है? इसका कोई ठोस कारण भी सामने नहीं आ रहा है। वहीं नगर निगम के ही सूत्र यह भी बताते हैं कि धीरे-धीरे चल रहे बाकी रैनबसेरों को भी बंद किए जाने की तैयारी है।




### कहां क्या हालात

- इंदौर में संचालित 11 रैनबसेरों के अलावा नए भी खोलने की तैयारी है।
- ग्वालियर में भी संचालित 9 रैनबसेरों में से एक को निर्माण के चलते छोड़ा जाए तो 8 संचालित हो रहे हैं।
- जबलपुर में 13 रैनबसेरों में से 7 बंद हैं यहां बजट की कमी मुख्य वजह बताई जा रही है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

पूर्व में के रैनबसेरों की जानकारी नहीं है। मेरे कार्यभार संभाले के बाद 1-2 रैनबसेरे बंद किए गए हैं। अभी नगर निगम 7 रैनबसेरा संचालित कर रहा है। सर्दियों में तो हम खुद खुले में सोने वाले गरीबों को अपने वाहनों में ले जाकर रैनबसेरा तक छोड़ते हैं।

-अंकिता जैन, सहायक आयुक्त, नगर निगम, जबलपुर

इंदौर में 11 रैनबसेरे हैं और सभी चालू हैं। साथ ही ठंड में जरूरतमंदों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

-अभय राजनगांवकर, अपर आयुक्त, ननि इंदौर

सर्दी का मौसम आने के पहले ही तैयारी पूरी कर ली गई हैं। अलाव जलाने की अनुमति मिलते ही चालू कराए जाएंगे।

-प्रदीप श्रीवास्तव, उपायुक्त, नगर निगम ग्वालियर

# सौंसर तहसीलदार की बेटी कूदी रेलवे ट्रैक पर, मौत

## आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं

पीपुल्स संवाददाता ● छिंदवाड़ा
editor@peoplessamachar.co.in

सौंसर तहसीलदार भावन मलखान की बेटी ने बुधवार शाम रेलवे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली है। इसका कारण अज्ञात है।

पुलिस के अनुसार गुर्जरखेड़ी रेलवे ट्रैक पर वह ट्रेन के सामने 19 साल की पलक कूद गई। उसकी मां बुधवार सुबह 10 बजे बेटी को घर में अकेला छोड़कर ड्यूटी पर गई थी। शाम 6.45 बजे जब घर आई तो बेटी नहीं मिली। आसपड़ोस में उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। उन्होंने सौंसर टीआई जितेंद्र यादव को फोन पर बताया। तभी सूचना आई कि रेलवे ट्रैक पर एक लड़की की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शिनाख्त पलक के रूप में हुई। टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार यह केस सुसाइड का है।

**मोबाइल फोन से जांच कर रही पुलिस:** पुलिस पलक के फोन से सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल के माध्यम से ही मामले में आगे पहुंचा जा सकता है। हालांकि मृतका का फोन लॉक होने की वजह से अब तक कोई जानकारी निकलकर नही आई है।

# हुकुमचंद मिल मजदूरों की बकाया राशि में दी अनापत्ति

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

हुकुमचंद मिल मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर गुरुवार को बड़ी खबर सामने आई। चुनाव आयोग ने उक्त मामले में अनापत्ति दे दी है। यह सूचना नगरीय प्रशासन के प्रमुख सचिव को मिल गई है। यह आपत्ति 29 नवंबर को जारी की गई है। इसमें नगरीय प्रशासन के 23 नवंबर को चुनाव आयोग को भेजे गए अर्द्ध शासकीय पत्र का हवाला देते कहा गया कि आयोग ने अनापत्ति प्रदान कर दी है। बता दें कि ये मजदूर लंबे समय से अपने बकाया भुगतान के लिए लड़ाई लड़ रहे है, ऐसे में अनापत्ति में देरी से मामला आगे टल सकता था। वहीं हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए 5 दिसंबर तय की थी लेकिन नई सरकार बनने में देरी के कारण मिल मजदूरों ने मामले में अर्जेंट सुनवाई मेंशन की। अब एक दिसंबर को सुनवाई होगी।




डॉ. सुरेश मेहरोत्रा With Special Arrangement

(राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की अंदरूनी खबरें)

## POLITICS

### PM's present team not to be disturbed?

It is widely believed that the present team of Prime Minister Narendra Modi is going to continue till June 2024.One need not go into details.

### Mizoram organizations demand ECI to change counting date

Sunday is considered as a sacred day for worship and observance by Christian community and thus, a conglomerate of Mizoram churches has prayed the Election Commission of India (ECI) to allow a change in vote counting date. A delegation from the NGO Coordination Committee, featuring representatives from influential organisations will soon meet ECI to persuade to reconsider the scheduled vote-counting date. The counting of votes for all the five Vidhan Sabha elections will begin in the morning of December 3, which is Sunday.

## BUREAUCRACY

### Atal Dulloo appointed as Chief Secretary of J&K


Atal Dulloo

Atal Dulloo, Secretary, Department of Border Management, who was repatriated to the parent cadre, has been appointed as Chief Secretary of Jammu & Kashmir. He is a 1989 batch IAS officer of UT cadre.

(We said this on November 21, 2023)

### Home Secretary gets additional charge of Border Management


Ajay Bhalla

Ajay Kumar Bhalla, Home Secretary, has been assigned an additional charge of Secretary, Border Management. He is a 1984 batch IAS officer of AM cadre.

### Tenure of Naresh Kumar as Chief Secretary of Delhi extended


Naresh Kumar

The tenure of Naresh Kumar as Chief Secretary, Delhi Government, has been extended for a period of six months upto May 31, 2024. He is a 1987 batch IAS officer of AGMUT cadre.

(We said this on October 30 and Nov, 2023)

### Mrs Veera Rana gets additional charge of Chief Secretary, MP


Veera Rana

Mrs Veera Rana, Chairperson, Board of Secondary Education & Commissioner, Agriculture Production, has been assigned an additional charge of Chief Secretary of Madhya Pradesh. She is a 1988 batch IAS officer of MP cadre.

(We said this on Nov 24 and Nov 29)

### Abhinav Kumar given additional charge of DGP, Uttarakhand

Additional Director General of Police (ADGP) in Uttarakhand, Abhinav Kumar, who is a 1996 batch IPS officer has been given the additional charge of the Director General of Police (DGP), Uttarakhand. The incumbent DGP Ashok Kumar is retiring on Thursday.

(We said this on Nov 29)

### Ashok Awasthi promoted to DG grade in MP

ADG Ashok Awasthi has been promoted to the grade of Director General (DG) and designated as Special DGP in Madhya Pradesh. He is a 1990 batch IPS officer.

### MSME yet to declare name for CMD, NSIC

The Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises (MSME) is yet to declare the name, selected through search committee, for the post of Chairman-cum-Managing Director National Small Industries Corporation (NSIC).

### 4 IIS officers promoted to DG

After a long wait, four IIS officers have been promoted to HAG and designated as DG They are: Rajiv Kumar Jain-I, K Satish Namboodiripad, Kanchan Prasad and Maushami Chakraborty.

### Secretary Tribal Affairs retiring today

Anil Kumar Jha, Secretary, Tribal Affairs in GoI is also retiring on November 30, because of his birth day on December 1. He is an IAS officer of Karnataka cadre.

# टैक्सी के 300 रु. ज्यादा नहीं देने पर की अंकित की हत्या

## उज्जैन में हत्या करके राजगढ़ की तरफ भागे

पीपुल्स संवाददाता ● उज्जैन
मो.नं. 7000811267

राजगढ़ जिला स्थित उदनखेड़ी टोल प्लाजा के पास कार की डिक्की में लाश मिलने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने गाड़ी में लगे जीपीएस, 10 से ज्यादा जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद 48 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने सिर्फ 300 रुपए के लिए हत्या की थी।

राजगढ़ पुलिस के अनुसार 26 नवंबर की रात इंदौर निवासी मृतक ड्राइवर के भाई अमित पिता कांताप्रसाद शर्मा ने डायल 100 को सूचना दी थी कि जीपीएस में दिख रहा है कि उनकी गाड़ी शाजापुर-मक्सी तरफ जा रही है, जबकि उसे उज्जैन से इंदौर आना था। पचोर पुलिस ने उदनखेड़ी टोल पर कार रोकने की कोशिश की तो आरोपी छोड़कर भाग गए। बाद में पकड़े जाने पर आरोपी दीपक और उसके भाई रवि गोस्वामी ने बताया कि 25 नवंबर को इंदौर से महाकाल उज्जैन के लिए निजी वाहन को 2200 रुपए में बुक किया। अंकित शर्मा गाड़ी चला रहा था, हमने रास्ते में शराब पी। उज्जैन में महाकाल मंदिर के पास अंकित ने किराए के 2500 रुपए मांगे और हम 2200 रुपए देने पर अड़े थे। तब मारपीट होने लगी और मैंने अंकित के हाथ पकड़ लिये और मेरे भाई रवि ने गला दबा दिया। अंकित अचेत हो गया तो शॉल फाड़कर गले में लपेट कर मार डाला था।

# भ्रष्ट पटवारी को 11 साल बाद चार साल की सजा

उज्जैन। आय से अधिक संपत्ति के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कोर्ट ने पटवारी बाबूलाल गोमर को चार साल की सजा व 26.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पटवारी के पास लोकायुक्त के छापे के दौरान एक करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली थी, जबकि उसका कुल वेतन करीब 15 लाख रुपए ही था। करीब 84 लाख की अनुपातहीन संपत्ति मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। तराना में पदस्थ पटवारी बाबूलाल गोमर के इंदिरा नगर स्थित घर पर लोकायुक्त ने मार्च 2012 में छापा मारा था। तब 8.66 लाख के सोने-चांदी के जेवरात, 35 बीघा कृषि भूमि, तीन दोपहिया वाहन सहित 1.01 करोड़ की संपत्ति मिली थी। वहीं पड़ोसी रामचंद्र के यहां भी 5 लाख रुपए के गहने रख दिए थे।

# विधायक गौरीशंकर बिसेन के पूर्व गनमैन की ड्यूटी पर सवाल

पीपुल्स ब्यूरो ● बालाघाट
editor@peoplessamachar.co.in

विधायक गौरीशंकर बिसेन के पूर्व गनमैन राजौल सिंह की विधानसभा मतगणना के दौरान लगाई गई ड्यूटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। राजौल सिंह की मतपत्रों के एकत्रीकरण की प्रक्रिया में ड्यूटी लगाई गई है। इस मामले में बालाघाट कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी का कहना है कि उन्होंने बीते 9 नवंबर को ही बालाघाट कलेक्टर को पत्र लिखकर राजौल सिंह की चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी न लगाने और उन्हें हटाने की मांग की थी, लेकिन एक कथित वीडियो में विधायक बिसेन का सुरक्षाकर्मी तैनात नजर आ रहा है।

### ईटीपीबीएमएस नहीं आए तो सार्टिंग किसकी हुई?

जिला प्रशासन के 15 नवंबर के पत्र के अनुसार तहसील में बने अस्थाई स्ट्रांग रूम में समय-समय पर आने वाले ईटीपीबीएमएस जमा करने के लिए रोज दोपहर 3 बजे स्ट्रांग खोला व बंद किया जाएगा, तब सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ता रहेंगे, लेकिन डाक विभाग के अनुसार, 26 और 27 नवंबर को डाक विभाग से निर्वाचन दल को ईटीपीबीएमएस नहीं मिला। ऐसे में 27 नवंबर को किन मतपत्रों की सार्टिंग की जा रही थी, ये बड़ा सवाल है। वहीं 21 नवंबर को 09, 22 नवंबर को 06, 23 नवंबर को 11, 24 नवंबर को 02, 25 नवंबर को 08, 26 व 27 नवंबर को शून्य, 28 नवंबर 16 ईटीपीबीएमएस मिले थे। तहसील में डाक मतपत्रों के लिए बने अस्थाई स्ट्रांग रूम में सुरक्षा को लेकर दिए गए अधिकारियों के बयानों में विरोधाभास है। सोमवार को तत्कालीन एसडीएम व आरओ गोपाल सोनी ने मीडिया के सामने कहा था कि स्ट्रांग रूम में एक-चार का गार्ड यानी सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अगले दिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम में एक-छह का गार्ड लगी होने की जानकारी दी थी।

राजौल सिंह विधायक बिसेन का 2018-19 में गनमैन था। मतों के एकत्रीकरण में किसी गनमैन की ड्यूटी नहीं लगाई जाती। राजौल सिंह अभी 36 बटालियन के सूबेदार मेजर हैं, हो सकता है 36वीं बटालियन लेकर आया हो।

-समीर सौरभ, एसपी बालाघाट

### नहीं थम रहा संक्रमण, इस साल प्रदेश में 4872 नए एचआईवी मरीज मिले

# 75 हजार मरीजों में से सिर्फ 40 हजार की जानकारी

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827363130

प्रदेश में इस साल 4872 एचआईवी पॉजिटिव मरीज मिले हैं। मप्र में एड्स कंट्रोल सोसायटी के पास करीब 75 हजार मरीज रजिस्टर्ड है, लेकिन चिंता की बात यह है कि इनमें से सिर्फ 39700 मरीजों की जानकारी है। यह मरीज नियमित रूप से एआरटी सेंटरों से दवाएं ले रहे हैं। बाकी 25 हजार से ज्यादा मरीज गायब हैं।

इन तमाम बातों के बावजूद राहत की बात यह है कि मप्र इस मामले में बेहतर स्थिति में है। मप्र में एडल्ट एचआईवी प्रिवलेंस रेट 0.09 है जबकि भारत का 0.22 है। राष्ट्रीय प्रिवलेंस रेट की तुलना में मप्र बेहतर स्थिति में है।



एचआईवी एस्टीमेशन 2017 टेक्निकल रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में हर साल 2300 नए मरीज मिलना चाहिए लेकिन वास्तविक मरीजों की संख्या इससे कहीं अधिक है।

**78 नए सेंटर्स होंगे शुरू :** प्रदेश में एचआईवी मरीजों के लिए 6 नए एआरटी सेंटर शुरू किए जाएंगे, इसके साथ एआरटी सेंटर की संख्या बढ़कर 24 हो जाएगी। वहीं 78 नए जांच केन्द्र शुरू किए जाएंगे। अब प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर 246 हो जाएगी ।

### 30 से 40 % मरीज सरकारी रिकार्ड पर नहीं आ पाते

मप्र एड्स कंट्रोल सोसायटी के रिकार्ड अनुसार मप्र में कुल एचआईवी संक्रमित मरीजों में 39 फीसदी महिलाएं और 69 फीसदी पुरुष है। सबसे ज्यादा मामले मालवा-निमाड़ क्षेत्र से हैं। वहीं प्रदेश के अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए इंदौर पहुंचते हैं। इसलिए यहां संक्रमण का पंजीयन अधिक है।

### सुइयों से संक्रमण में देश में छठवां स्थान

देश में संक्रमित सुइयों के इस्तेमाल के कारण एड्स की चपेट में आने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश छठे नंबर पर है। बीते 10 सालों में संक्रमित सुइयों के इस्तेमाल से 1,768 लोगों को एड्स हुआ है। भोपाल एआरटी सेंटर के नोडल ऑफिसर डॉ हेमंत वर्मा बताते हैं कि भोपाल जिला प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। वहीं सबसे ज्यादा मामले मालवा क्षेत्र से आते हैं।

### ये हैं एड्स के लक्षण

- हफ्तों तक लगातार खासी और बुखार रहना।
- अकारण वजन का घटना।
- मुंह में घाव होना।
- भूख खत्म हो जाना, बार-बार दस्त लगना
- गले या बगल में सूजन भरी गिल्टियां होना।
- दर्द व खुजली वाले ददोरे या चकत्ते हो जाना।
- सोते समय पसीना आना।

# अंतरराज्यीय गिरोह से 143 एटीएम, पेटीएम मशीन जब्त


मुरैना। पुलिस टीम और बरामद हुए 143 एटीएम कार्ड और पेटीएम मशीन।

पीपुल्स संवाददाता ● मुरैना
मो.नं. 9109800222

मुरैना पुलिस ने छांदा टोल पर कार की तलाशी के बाद अंतरराज्यीय गिरोह के धर्मेन्दर पुत्र करमवीर सासी 34 साल निवासी ग्राम खेड़ी थाना नारनौन जिला हिसार, अशोक पुत्र महेन्द्र सासी 28 साल नि. ग्राम रोहनात थाना बवानीखेड़ा जिला भिवानी और धर्मेन्दर पुत्र रामचेत सिंह 42 साल सी1, 117 सेक्टर 11 रोहिणी दिल्ली को पकड़ा है। इनसे बैंकों के 143 एटीएम कार्ड एवं 1 पेटीएम मशीन मिली है।

ई-नीलामी बिक्री नोटिस

इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता २०१६ के तहत ई-नीलामी बिक्री नोटिस

सागर ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड (लिकिवडेशन में)

पंजीकृत कार्यालय (एमसीए रेकॉर्ड के अनुसार) : 189, मैदा मिल रोड, जिंसी स्कवायर ना, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462008 •CIN : U50500MP2009PTC022313

लिकिवडेटर का कार्यालय : १००७, सन एवेन्यू वन, श्रेयस फाउंडेशन के पास, मानेकबाग सोसायटी, अंबावाडी, अहमदावाद, गुजरात -३८००१५ Email ID : cirp.sagarauto@gmail.com

परिसमापन संपत्ति का हिस्सा बनने वाली सागर ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संपत्तियो की बिक्री माननीय एनसीएलटी, इंदौर बेंच द्वारा नियुक्त लिकिवडेटर द्वारा तारीख २१.०४.२०२३ के आदेश IA/105(MP)2023 in (MP) CP(IB) 42 of 2020 द्वारा की जा रही है। परिसंपत्तियां की बिक्री लिकिवडेटर द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://eauctions.co.in के माध्यम से की जाएगी।

ई-नीलामी की तारीख और समय : २९ डिसेंबर, २०२३, समय : दोपहर १२.०० से २.०० बजे तक

पात्रता दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख : १६ डिसेंबर, २०२३

निरीक्षण की तारीख और समय : १७ डिसेंबर, २०२३ से २४ डिसेंबर, २०२३ लिकिवडेटर की पूर्व सूचना के साथ

बोली दस्तावेज और ईएमडी जमा करने की तारीख : २७ डिसेंबर, २०२३

| लोट नं. | संपति का संक्षिप्त वितरण | आरक्षित मूल्य (रु.) | ईएमडी राशि (रु.) | बोली वृद्धिशील मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्लोक : ए इन्वेंन्टी (बीएस- IV मोडल की कारे कॉर्पोरेट देनदार के परिसर में बिना इंजन के खडी है, बिना किसी दस्तावेज के आरटीओ के ससाथ पंजीकृत होने में सक्षम है) | Rs. 82,500 | Rs. 8,250 | Rs. 2,000 |
| 2 | ब्लोक : बी स्कोडा ऑटो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त बकाया राशि | Rs. 6,76,396 | Rs. 67,640 | Rs. 5,000 |
| | कुल | Rs. 7,58,896 | Rs. 75,890 | Rs. 7,000 |

बिक्री के एवं शर्ते इस प्रकार है :

१. नीलामी ई-नीलामी प्लेटफॉर्म www.eauctions.co.in पर सेवा प्रदाता, मेसर्स लिंकस्टार इंफोसिस्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से "जैस है, जहां है, जो है और बिना संसाधन के आधार पर" आयोजित की जाएगी।

२. दस्तावेज और ईएमडी २७ डिसंबर, २०२३ को या उससे पहले नीलामी दस्तावेज में निर्धारित प्रारुप में ईमेल और हार्ड कोपी के माध्यम से लिकिवडेटर को जमा किए जाएंगे। संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया के विस्तृत नियमों और शरतो के साथ बोली फार्म www.eauctions.co.in वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

३. यह स्पस्ट किया जाता है कि यह निमंत्रण संभावित बोलीदाताओं को आमंत्रित करने के लिए है और बिक्री को प्रभावित करने के लिए लिकिवडेटर या कंपनी की ओर से किसीभी प्रकार का बाध्यकारी दायित्व नही बनता है। लिकिवडेटर के पास बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के किसी भी इच्छूक पार्टी/ संभवित निवेशक / बोलीदाता को प्रक्रिया को रद करने का या संशोधित करने या स्वीकार न करने और/ या अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित है।

केयुर जे. शाह, लिकिवडेटर - सागर ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड के
IBBI Reg No.: IBBI/IPA- 002/IP-N00244/2017-18/10729
AFA Number: AA2/10729/02/151024/202906 AFA valid upto 15/10/2024 तक वैध हैं

दिनांक : ०१-१२-२०२३
स्थान : अहमदाबाद

# Carrying calculator to counting centre will be prohibited

STAFF REPORTER ■ BHOPAL

Deputy Election Commissioner of the Election Commission of India Ajay Bhadoo and Chief Electoral Officer Madhya Pradesh, Anupam Rajan held video conferencing with all the Collectors, District Election Officers and Superintendents of Police of the state on Thursday. In the meeting, elaborate preparations and security arrangements for the counting of votes to be held on December 3 were discussed in detail and necessary guidelines were given.

Deputy Election Commissioner Bhadoo and Chief Electoral Officer Rajan said that only authorised persons holding passes issued by the Election Commission of India will be able to enter the counting centre. No unauthorised or unwanted person will be allowed to enter the counting venue. Carrying mobile phones and calculators to the counting centre will be prohibited, only the counting personnel deployed for counting of votes will be able to use the calculators. They told all the district election officers that all the arrangements in the counting centres should be systematic and organised as per the guidelines issued by the Election Commission of India. Keep giving all the information related to elections to observers, political parties, candidates, media and general public, so that any kind of false or misleading information is not disseminated. There should not be any kind of lack of communication.

The Deputy Election Commissioner held one-to-one discussions with all the 52 Collectors and District Election Officers and Superintendents of Police of the state and reviewed in sequence the preparations made for counting of votes in the districts.

He said that all the norms and protocols should be strictly followed in the entire process of counting postal ballots. Counting of votes recorded in EVMs should be started only after half an hour of starting the counting of postal ballots. Train counting workers and micro observers to count the votes recorded in EVMs. There should be no lack of security at the counting venue at any level. There should be adequate arrangements for CCTV cameras in the counting centres. All District Election Officers should ensure that there is complete fairness and transparency in the entire vote counting process from randomization on the day of counting till distribution of election certificates to the winning candidates. There should be no doubt or confusion over the correctness of the vote counting process.

Additional Chief Electoral Officer Rajesh Kumar Kaul, Joint Chief Electoral Officer Rakesh Singh, Basant Kurre, Ruchika Chouhan, Deputy Chief Electoral Officer Pramod Kumar Shukla and Surbhi Tiwari were present in the meeting.

## ECI issues guidelines for agents

**Bhopal:** Chief Electoral Officer Anupam Rajan said that counting of votes for Madhya Pradesh Assembly Elections 2023 will take place on December 3. Instructions have been issued by the Election Commission of India regarding appointing agents on the day of counting.

Rajan said that any person who has been provided security by the Central or State Government, as well as Central and State Ministers, sitting MPs, MLAs, Mayors, Presidents of District Panchayats, Janpad Panchayats, Nagar Panchayats, chairperson of Municipal Corporations, chairpersons and members of Central and State Government Public Undertakings, chairperson and members of Government Authority etc will not be able to be appointed agents of any candidate for counting of votes.



Smoke billows as fire breaks at a paint shop at airport road in Bhopal on Thursday. Pioneer photo



Senior BJP leader and former Union Minister Uma Bharti during a programme in remembrance of her Guru Vishwesha Theertha Swami on 31st anniversary of her Guru Diksha Divas, at her residence in Bhopal on Thursday. Pioneer photo

# Gender sensitisation was stressed to deal with domestic violence in discussion

PNS ■ NEW DELHI

Importance of gender sensitization in dealing with domestic violence was stressed upon during a discussion session here organized by Sri Guru Gobind Singh College of Commerce. The discussion was on the book titled 'Broken Brides: Domestic Violence in India' authored by Dr. Shobha Vijender.

The event was also graced by Professor Namita Rajput, Ex Principal of Sri Aurbindo College.The event began with the soulful shabad recitation by the divinity society of the college. The speaker , guests and the audience was welcomed by the convenor, Dr Gurdeep Kaur followed by the welcome address of Principal, Professor Jatinder Bir Singh.

Professor Namita Gupta, distinguished guest spoke on the need and importance of gender sensitisation and how she herself is actually engaged the pursuit of empowering women. She threw light on the importance of small efforts that young students can make to make this world a better place. She encouraged the audience to be tolerant and nurture relationships with understanding that can help them lead a meaningful life.

**The event was also graced by Professor Namita Rajput, Ex Princpal of Sri Aurbindo College. The event began with the soulful shabad recitation by the divinity society of the college**

